7401-1

Printed Pages : 8

Degree (Part-I) (Vocational) Examination, 2020

(Composition)

HINDI

[PPU-D-I(V) (COMP)-HIN(100M)]

527

Time : Three Hours] **[Maximum Marks : 100**

नोट : परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

[12×3=36]

(क) विद्यापति के काव्य सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

(ख) कबीर की कविता के महत्व पर विचार कीजिए।

(ग) रसखान के काव्य के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए।

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(घ) मैथिलीशरण गुप्त अथवा रामधारी सिंह दिनकर के काव्य में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'अखबारी विज्ञापन' अथवा 'बुधिया' का सारांश लिखिए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [8×3=24]

(क) ऊधो मोहिं ब्रज बिसरत नाहीं !

हंस सुता की सुन्दर कगरी अरु कुंजन की छांही।

वै सुरभी, वै बच्छ दोहनी, खरिक दुहावन जाहीं।

ग्वालबाल मिलि करत कुलाहल नाचत गहि गहि बाहीं।

(ख) मन पछितै हैं अवसर बीते।

दुरलभ देह पाइ हरिपद भजु, करम, बचन अरु हीते।।

सहसबाहु दसबदन आपि नृप बचे न काल बलीते।

हम-हम करि धन-धाम सँवारे, अंत चले उठि रीते।।

(ग) नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहिं काल।

अली कली ही सौं बँध्यो, आगे कौन हवाल।।

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(घ) जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी, और किसानों के मुकाबले में वे लोग जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा संपन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।

(ङ) वह उन महिलाओं में नहीं है जो पति के हल्केपन को, उसके बंगले, कार, वैभव आदि के प्रसंग रख रखकर, भारी कर सकती है। उसकी गणना न उसमें हो सकती है जिनके यातना मंदिर के द्वार पर स्वयं धर्म्म कठोर और सजग पहरेदार है, और न उनमें, जिनके उद्भ्रान्त मस्तकों पर समाज की नंगी तलवार लटकती रहती है।

3. निम्नलिखित में से **किसी एक** पर निबन्ध लिखिए : [15]

(क) छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व

(ख) नयी शिक्षा नीति

(ग) साहित्य और समाज का संबंध

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए :

[5×3=15]

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(क) निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :

(i) नदी

(ii) पुष्प

(iii) अमृत

(iv) आँख

(v) आकाश

(ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाइए :

(i) अनीय

(ii) आई

(iii) इक

(iv) पन

(v) आवट

(ग) निम्नलिखित शब्दों का लिंग निर्धारण कीजिए :

(i) परीक्षा

(ii) पक्षी

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(iii) समीर

(iv) निगाह

(v) यात्रा

(घ) अपने महाविद्यालय में कम्प्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाचार्य महोदय को एक पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1×10=10]

(क) विद्यापति की एक रचना का नाम लिखिए।

(ख) सूर काव्य की भाषा क्या है ?

(ग) 'विनय पत्रिका' किसकी रचना है ?

(घ) 'कान्ह भये बस बाँसुरी के' पंक्ति के रचयिता कौन हैं ?

(ङ) बिहारी किसके दरबारी कवि थे ?

(च) 'कबीर' को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा है ?

(छ) 'साकेत' किसकी रचना है ?

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(ज) दिनकर की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(झ) हरिशंकर परसाई की किसी व्यंग्य रचना का नाम लिखिए।

(ञ) रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा रचित 'बुधिया' किस विधा की रचना है ?

----- x -----

DOWNLOADED FROM PPULearn.com